संख्या–cm-485

31/10/2022

मुख्यमंत्री ने पूरी श्रद्धा के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था का महापर्व छठ के अंतिम दिन आज अहले सुबह मुख्यमंत्री आवास स्थित तालाब में पूरी श्रद्धा के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा ईश्वर से राज्य एवं देशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये प्रार्थना की।

आज राज्य के विभिन्न नदियों एवं तालाबों में बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और शांति एवं श्रद्धा के वातावरण में लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न हुआ।

******